RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 5.7.2024
Page No. 3, Size:(23.20)cms X (6.60)cms.

सूरत रेलवे स्टेशन के कार्य में 450 मीटर लंबा कॉनकोर्स और 450 मीटर लंबा रेल लेवल पूरा

सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर 770 मीटर प्लेटफार्म स्तर के स्लैब का कार्य पूरा

संजीव सिंह
patrika.com

सूरत. मुम्बई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर भारत की एक बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना है। बुलेट ट्रेन रूट पर सूरत रेलवे स्टेशन के कार्य में 450 मीटर लंबा कॉनकोर्स और 450 मीटर लंबा रेल लेवल पूरा हो चुका है।

वहीं, 770 मीटर प्लेटफॉर्म स्तर का स्लैब भी पूरा कर लिया गया है। साथ ही ट्रैक बिछाने का कार्य भी शुरू हो गया है। पूरे प्रोजेक्ट की बात करें तो अब तक 190 किमी वायडक्ट और 321 किमी पियर का काम पूरा हुआ है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों ने बताया कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में सभी 8 बुलेट ट्रेन स्टेशनों सूरत, बिलिमोरा, वापी, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती की नींव का काम पूरा हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, साल 2026 तक सूरत से बिलिमोरा के बीच इसका ट्रायल शुरू किया जाएगा।

सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का डिजाइन हीरे के आकार से प्रेरित है। स्टेशन की कुल ऊंचाई 26.3 मीटर है। स्टेशन को 58,352 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में साकार किया जा रहा है। 4 जुलाई गुरुवार तक की स्टेशन प्रगति की बात करें तो स्टेशन का 450 मीटर लंबा कॉनकोर्स और 450 मीटर लंबा रेल लेवल पूरा हो चुका है। इसके अलावा 770 मीटर प्लेटफॉर्म स्तर का स्लैब पूरा होने के साथ स्टेशन की छत संरचना का कार्य 100% पूरा हो गया है और रूफ सीटिंग की जा रही है। कॉनकोर्स एरिया में प्लंबिंग, फायर-फाइटिंग व इलेक्ट्रिकल वर्क्स कार्य जारी है।

सूरत और वडोदरा में 35,000 मीट्रिक टन से अधिक जेआईएस रेल और ट्रैक निर्माण मशीनरी के तीन सेट पहुंच गए हैं और ट्रैक बिछाने का कार्य भी शुरू हो गया है। गौरतलब है कि भारत की पहली 7 किमी लंबी समुद्र के नीचे रेल सुरंग का काम भी शुरू हो गया है, जो महाराष्ट्र में बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग का एक हिस्सा है।

गुजरात में कार्य की प्रगति

वायाडक्ट	कुल-352 किमी
फाउंडेशन	338 किमी
गर्डरों की संख्या	5549
गर्डर कास्टिंग	222 किमी

गुजरात में बुलेट ट्रेन की स्थिति

- वापी - रेल लेवल स्लैब पूर्ण
- बिलिमोरा - प्लेटफार्म स्तर का स्लैब पूर्ण।
- सूरत - 770/815 मीटर प्लेटफार्म स्लैब पूर्ण।
- आनंद- 820/830 मीटर प्लेटफार्म स्लैब पूर्ण।
- अहमदाबाद- 60/415 मीटर प्लेटफार्म स्लैब पूर्ण।
- भरूच- 350/450 मीटर रेल लेवल स्लैब पूर्ण।
- सूरत डिपो - संरचनात्मक कार्य पूर्ण हो गया है। ट्रैक बिछाने के लिए मिट्टी का काम पूरा कर ठेकेदार को सौंप दिया है।
- साबरमती डिपो - मिट्टी का काम पूर्ण, ओएचई फाउंडेशन का कार्य जारी है। प्रशासनिक भवन के लिए आरसीसी और विभिन्न शेडों, कार्यशालाओं के लिए फाउंडेशन का कार्य चल रहा है।